सार-समाचार

रोजगार सहायता शिविर आज

चूरू (निसं)। रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान जयपुर व जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय चूरू की ओर से बेरोजगार युवाओं के लिए मंगलवार को एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया जायेगा। इस शिविर में राज्य के 10वीं पास तथा तकनीकी योग्यता प्राप्त अर्थात आईटीआई पॉलीटेक्निक बैच शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में अर्थात पुखराज हेल्थ केयर प्रा.लि. प्रथम एज्युकेशन फाउण्डेशन प्रा.लि., जेब्रा इंडिया ओपीसी प्रा.लि., सीआईआई एमसीसी, यूनाइटेड इण्डिया इंश्योरेंस प्रा.लि., स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस, इनोवेशन लिमिटेड, कम्फर्ट सॉल्यूशन, नेशनल सिक्योरिटी प्रा. लि. कंपनियों में रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगें। विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से लगभग 1000 रिक्त पदों के लिये बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। इसके अलावा स्वरोजगार, ऋण योजना तथा विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में राजकीय विभागों यथा जिला उद्योग केन्द्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महिला अधिकारिता विभाग, आरएसएलडीसी विभाग, अनुजा निगम द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। बेरोजगार आशार्थी अपने मूल शैक्षिणक/फोटोयुक्त पहचान-पत्र दस्तावेज मय प्रतिलिपि व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ रोजगार सहायता शिविर में भाग ले सकते हैं। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय चूरू में सम्पर्क कर सकते हैं।

नोहर उप-जिला चिकित्सालय से नाम हटाए जाने को लेकर विरोध जताया

नोहर, (निसं)। आज चिकित्सालय के नए भवन से सेठ श्री किशन लाल थिरानी का नाम हटाए जाने के विरोध में आज माहेश्वरी समाज नोहर ने दृढ़ और संगठित स्वर में अपना विरोध दर्ज कराया। समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में चिकित्सालय परिसर पहुँचे और चिकित्सालय प्रभारी हंसराज शर्मा से मुलाकात कर इस निर्णय पर कड़ा ऐतराज जताया। समाजजनों का स्पष्ट कहना है कि सेठ श्री किशन लाल थिरानी केवल एक नाम नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और समाज निर्माण की प्रेरणा हैं। जिनकी स्मृति और योगदान से जुड़ा नाम हटाना पूरे समाज की भावनाओं को आहत करने वाला कदम है। माहेश्वरी समाज ने प्रशासन से मांग की है कि इस निर्णय पर तुरंत पुनर्विचार कर जनभावनाओं का सम्मान किया जाए, अन्यथा समाज व्यापक स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होगा इस मौके पर प्रादेशिक महेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष राजेंद्र थिरानी, नोहर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष देवकीनंदन लखोटिया, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश मंत्री, संजय करवा, जय किशन गिलड़ा, मनीष करवा ,दिवाकर सोनी,भानी बागड़ी, गोपाल मालानी ,अमित ढुढानी, मांगीलाल बजाज ,मिशन सो बेड से, के,एल, मित्रुका तथा महेश्वरी समाज के अनैक नागरिक मौजूद रहे।

बालक अभिषेक की हत्या के खुलासे को लेकर विधानसभा में बोले विधायक चाचाण

नोहर, (निसं)। नेठराना के मासूम बालक अभिषेक शर्मा की हत्या का मामला एक बार फिर गूंजा विधानसभा में। नोहर विधायक अमित चाचाण ने सोमवार को एक बार फिर यह मामला विधानसभा में उठाया विधायक ने गृह राज्यमंत्री से मामले में विशेष संज्ञान लेकर हत्या का खुलासा करने की पूर जोर मांग की। विधायक ने विधानसभा में कहा कि करीब 13 दिन गुजर जाने के बाद भी अभिषेक शर्मा के हत्यारे पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस अंधेरे में तीर चला रही है। पुलिस के हाथ आज भी खाली है। ग्रामीण लगातार हत्या के खुलाशे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। आज भी बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं गोगामेडी पुलिस थाने का घेराव कर रही है मासूम की हत्या का खुलासा नहीं होने से पूरे जिले में डर व भय का माहौल बन चुका है। इसके अलावा विधायक अमित चाचाण ने नेठराना गांव में 12 वर्षीय मासूम वाले की हत्या के मामले में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह जी बेढम से भी मुलाकात की ग्रह राज्य मंत्री ने मौके पर ही इस मामले में उच्च अधिकारियों से बात की। विदित रहे कि गत दिनों भी विधायक अमित चाचाण ने अभिषेक शर्मा कि हत्या का मामला विधानसभा में उठाया था।

घींदड नृत्य का आगाज 27 फरवरी से

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में रविवार देर रात्रि को गाँधी चौक में 5 दिवसीय घींदड नृत्य को लेकर गाँधी चौक नृत्य कला मण्डल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निवर्तमान कोषाध्यक्ष छत्रसिंह नाई ने पिछले कार्यक्रम का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। वहीं निवर्तमान अध्यक्ष संजय महावर ने सभी का आभार जताते हुए कमल सिंह डागा को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा व कार्यकारी अध्यक्ष पवन नाई ,निर्मल सैनी को बनाया गया जिसमें उपस्थित जनों की सहमति से नवनियुक्त अध्यक्ष व कार्यकारी अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया। तथा उपाध्यक्ष के लिए विनोद भाटिया, श्रवण गौड़ , मनोज खडोलिया , गोपाल लावट, कालूराम तंवर, कालूराम जाट, मदन दाधीच को बनाया गया कोषाध्यक्ष मनोज प्रजापत, सह कोषाध्यक्ष छत्र सिंह नाई को मंत्री श्रवण बारुपाल, सह मंत्री भवानी खडोलिया को मीडिया प्रभारी महेंद्र दाधीच, शिवभगवान सोनी, श्रवण आचार्य, जयप्रकाश सोनी, रामोतार पांडे को नियुक्त किया गया। संरक्षक नरपत बैद, नथमल सेठी, खीमकरण कुंडलिया, पवन बोथरा, शंकर खडोलिया, जयचंद महावर, श्यामसुंदर सोनी, संजय महावर, नंदलाल सैनी, गोविंद कठोड, इंद्रचंद देवडा को बनाया गया। 5 दिवसीय घींदड नृत्य को लेकर टेंट, माइक, मिट्टी सहित अन्य अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गयी।

विचार गोष्ठी आयोजित

रतनगढ़ (निसं)। श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ (महिला) तहसील रतनगढ़ द्वारा परिचय एवं विचार विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुष्पा हारित, यशोधरा शर्मा, मुन्नी वर्मा, निलम गोड, अंबिका प्रसाद हरित सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।आयोजन के अंतर्गत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं वेद मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे किया गया, जो सायं 5:30 बजे तक चला। इस दौरान महासंघ की गतिविधियों, उद्देश्यों एवं संगठन विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथियों का दुपट्टा एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने समाज में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, संस्कार और संगठनात्मक एकजुटता की आवश्यकता पर बल देते हुए महासंघ को आगे भी सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प दिलाया।कार्यक्रम में रेखा पारीक, कंचन इन्द्रा, माया देवी, रेखा नाथ, लाली, मंजू, सुनीता, सुमन, पूजा, राधा, सीमा, निर्मला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। संचालन रेखा पारीक ने किया तथा पुष्पा हारित ने सभी का आभार व्यक्त किया।

विद्यार्थियों ने तायक्वांडो में बाजी मारी

सीकर (निसं)। एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द पीजी कॉलेज भढाढर सीकर की एम ए फाइनल की छात्रा बबीता ने इन्टर कॉलेज प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रंजना और बी एस सी प्रथम वर्ष के छात्र निर्मल ने सिल्वर मैडल व बी ए प्रथम वर्ष के छात्र पंकज ने ब्रांज मैडल जीतकर इन्टर विश्वविद्यालय के लिए क्वालीफाई कर चुके है। जानकारी देते हुए संस्था निदेशक रामनिवास ढाका ने बताया कि महाविद्यालय ने इन्टर कॉलेज व इन्टर विश्वविद्यालय खेलों के तमाम क्षेत्रों में अपनी उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय में तायक्वोंडों, आर्चरी, फुटबॉल सहित 27 प्रकार के खेलों के मैदान उपलब्ध है जो कि राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ स्पोर्ट्स कॉलेज के रूप में विख्यात है। इस अवसर पर चैयरमेन सुरेन्द्र सिहं, सहनिदेशक गोपाल सिंह, कॉलेज प्राचार्य ललित किशोर तंवर, पॉलिटेक्निक प्राचार्य जगदीश सोलंकी, नर्सिंग प्राचार्य महेश कुमावत, विद्यालय प्राचार्य डां. विजेन्द्र सिंह सहित महाविद्यालय प्रबंधन ने विजेता खिलाडियों को बधाईयां देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

स्कूल के बच्चों के मॉडल बनाये

नोहर, (निसं)। यहां टेस्ला पब्लिक स्कूल में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक टैक्निकल कार्यशील मॉडल और चार्ट बनाए तथा उनका प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक हितेश देरासरी ने बच्चों के मॉडलों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। यश तिवारी के मार्गदर्शन में विघार्थियों ने मॉडल्स तैयार किए थे। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य ममता, महेश, सुजाता, गोरीशंकर, जुगल किशोर, रिछपाल, श्रवण कुमार, सुनील हुडा, जसवंत सिंह, अनिल कुमार, सुमन शर्मा, भगवती, सज्जन सुनील, अंकुश, विवेका, सीता, पूनम, निशांत, सुलोचना, सीमा, नीरू, ओम प्रकाश, भूमिका, राधिका, अनिल कुमार एवं दिनेश उपस्थित रहे।

चंग की थाप पर झूमे शहरवासी, फागोत्सव में बिखरे लोक संस्कृति के रंग

चूरू (निसं)। रंग, उमंग और लोक परंपराओं की जीवंत छटा के बीच रविवार शाम सफेद घंटाघर पर साकार संस्थान की ओर से हुए फागोत्सव 2026 ने शहरवासियों को लोक संस्कृति से सराबोर कर दिया। रतनलाल पारख की स्मृति में बसंत कुमार व संजय कुमार पारख कोलकाता के सौजन्य से हुए इस आयोजन ने चूरू की सांस्कृतिक विरासत को फिर से जीवित कर दिया।

राजलदेसर की श्याम म्यूजिकल ग्रुप चंग पार्टी के कलाकारों ने चंग की थाप पर पारंपरिक फाग गीतों की ऐसी रसधार बहाई कि दर्शक खुद को थिरकने से रोक नहीं सके। 'फाग' के रंगों में रचे गीतों और लोक धुनों ने मरुभूमि की लोक संस्कृति की महक बिखेर दी। कार्यक्रम में बुजुर्गों से लेकर युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी निभाई, जिससे वातावरण पारंपरिक उत्सव में बदल गया। कार्यक्रम में पत्रकार पीयूष शर्मा स्मृति पुरस्कार पत्रकार राहुल शर्मा को तथा पूर्व सभापति रमाकांत ओझा की स्मृति में लोक कलाकार पंकज ओझा को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सभापति गोविंद महनसरिया ने की। मुख्य अतिथि पूर्व सभापति विजय शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रमोद बाजोरिया, एपीआरओ मनीष कुमार, महेंद्र चौबे, विनोद ओझा, भास्कर शर्मा व हरिप्रसाद पीपलवा उपस्थित थे। इस दौरान गुरुदास भारती, नरेंद्र शर्मा, बिजेंद्र दाधीच, हनुमान शर्मा आदित्य, राकेश दाधीच, कौशल शर्मा, हेमंत प्रजापत, अखिलेश दाधीच सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने प्रतिभाओं को स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में संदीप पाटिल, जगदीश सर्राफ, संजय सोनी, योगेश गौड़, कानसिंह, पवन शर्मा, सुनील भाऊवाला, मूलचंद दर्जी, अश्वनी व्यास, गौरव दाधीच, हरि मोहता, कमल गोठेचा, राजेश बांठिया, डॉ. शंकर सिंह गौड, विश्वनाथ राजगुरु, दिनेश स्वामी, विपिन दाधीच व विजय सारस्वत ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन उमेश दाधीच ने किया। फागोत्सव के आयोजन ने यह संदेश दिया कि आधुनिकता की दौड़ में भी लोक संस्कृति की जड़ों को संजोए रखना जरूरी है। चंग की थाप, पारंपरिक वेशभूषा और सामूहिक सहभागिता ने चूरू की सांस्कृतिक पहचान को और अधिक सशक्त बनाया।

चूरू में फागोत्सव-2026 ने शहरवासियों को लोक संस्कृति से सराबोर कर दिया।

खाटूश्यामजी मेले में 'सेल्फी प्रतियोगिता' का अनूठा आयोजन

सीकर, (निसं)। विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल खाटू श्याम मंदिर में आयोजित हो रहे भव्य फागुन मेले के दौरान इस बार एक अनूठी पहल की गई है। राजस्थान पुलिस और सीकर पुलिस द्वारा 'श्री खाटूश्यामजी मेला सेल्फी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया है, जिसमें श्रद्धालु पुलिस की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और सहयोग के साथ अन्य सुंदर पलों को कैमरे में कैद कर साझा कर सकेंगे। सीकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार मेले में पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, महिला सहायता, चिकित्सा समन्वय एवं श्रद्धालुओं के नियंत्रण के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी श्रद्धालु को मेले में पुलिस की बेहतर व्यवस्था, ड्यूटी पर तैनात किसी पुलिसकर्मी द्वारा किसी भी श्रद्धालु को की गई मदद या पुलिस-प्रशासन के इंतजामों से मिली राहत-सुविधा से संबंधित कोई भी क्षण दिखाई दे, तो वह उस पल की सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर साझा कर सकता है।

अखिल भारतीय किसान सभा की महापंचायत आयोजित

तारानगर (निसं)। किसानों व आमजन की विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में सोमवार को तारानगर के तहसील कार्यालय के आगे विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया गया है।

एडवोकेट निर्मल कुमार प्रजापत ने बताया कि 2017 से सभी बकाया क्लेम देने, एसएसटी पॉईन्ट से क्रॉप कंटीग न करके रेण्डम प्रणाली से क्रॉपकटिंग करने, मनरेगा कानून को पून बहाल करने 1200 दिन काम व 600 रुपये दैनिक मजदूरी देने, नरेगा मेट का पंजीयन ऑन लाईन करने, सिद्धमुख तहसील को आधार मानकर रबी फसल 2024-25 का क्लेम देने, गारन्टी उपज व क्रॉपकटिंग सार्वजनिक करने, स्मार्ट मीटरों को लगाने पर रोक लगाने, वंचित लोगों को 100 यूनिट की बिजली में शामिल करने, 765 केवी लाइनों में अवाप्त भूमी का बाजार मूल्य से 4 गुना मुआवजा देने, चौधरी कुम्माराम नहर का घटाया गया रकबा वापिस जोड़ने, बैलों की ब्रिकी पर रोक हटाने व पशु मेला पुनः शुरु करने,चौधरी कुम्भाराम नहर के पटड़े में 2 करोड़ के घपले की जाँच कराने तथा भ्रष्ट अफसरों व शामिल अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा नहर निर्माण में घटिया सामग्री पर रोक लगाने, सरकारी कार्यालयों में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, सभी संस्थानो में मिड-डे मील में ठेका प्रथा बंद करने, एमएसपी का कानून बनाने तथा सभी किसानों को कर्ज मुक्त करने, नये बीज कानून पर रोक लगाने, जल जीवन मिशन में घटिया सामग्री व घपलों की सीबीआई से जांच कराने, गावों में आबादी भूमी का विस्तार कराने तथा सरकारी भूमी में बसे लोगों को आवासीय पट्टे देने, प्राइवेट फाइनेंस कम्पनीयों की लूट पर रोक लगायी लगानेतथा आरबीआई गाईडलाईन के अनुसार ऋण वसूलने, चौधरी कुम्माराम नहर के सभी माईनरों में सिचाई के लिए पुरा पानी छोड़ने तथा नये माईनरो का रेगुलेशन तय करने आदि 18 सूत्री मांगो को लेकर तहसील कार्यालय के आगे महापडाव डाला गया।

उपखंड प्रशासन के साथ वार्ता में कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी। महापंचायत में 13 मार्च को जिलेभर में रेल रोको का फैसला लिया गया। सीआई सतपाल बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता तैनात रहा। कॉमरेड निर्मल कुमार प्रजापत, उमराव सहारण, विक्रम सोनी, चिमना राम पांडर, नितेश उपाध्याय, भोजराज महला, सुमन प्रजापत, राजू सहारण, रामस्वरूप सहारण, बाबूलाल दर्जी, गोपीराम पुरोहित, इमिलाल नायक, कुनण बरोड, मांगीलाल बिलियां आदि ने महापंचायत को सम्बोधित किया।

सार-समाचार

आथूणा बास में 54वें श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का शंखनाद

सरदारशहर (निसं)। आथूणा बास स्थित श्री श्याम मंदिर में 54वें श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का अत्यंत भव्य और धूमधाम से शुभारंभ हुआ। महोत्सव का आगाज श्री श्याम रस ताली कीर्तन के साथ हुआ, जहाँ पूरा मंदिर परिसर बाबा के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्री श्याम बाबा के फाल्गुनी भजनों और पारंपरिक धमालों की मधुर धुनों पर श्याम भक्त मंत्रमुग्ध होकर नाचने-गाने लगे और पूरी शाम बाबा को रिझाने का यह सिलसिला चलता रहा। मंदिर पुजारी श्यामसुंदर नवहाल और अध्यक्ष गोविन्दराम प्रजापत ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में भक्ति के कई रंग देखने को मिलेंगे। आगामी दिनों में बाबा श्याम का विधि-विधान से दुग्ध अभिषेक किया जाएगा और लड्डू गोपाल के साथ भव्य पुष्प होली खेली जाएगी। महोत्सव के दौरान श्री श्याम बाबा की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी और विशाल जागरण व श्री श्याम दीवाने संकीर्तनद्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की गंगा बहेगी। इसी कडी में आज पं. पंकज दाधीच द्वारा नानी बाई के मायरा का वाचन किया जाएगा। इस भावपूर्ण कथा को सुनने के लिए भक्तों में अभी से भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस पूरे महोत्सव को सफल बनाने में गिरधारीलाल प्रजापत, गिरीश लाटा, अशोक पेड़ीवाल, लालबहादुर सेवदा, पवन पेड़िवाल, भगवतीप्रसाद लखोटिया, पंकज नवहाल, निर्मल नवहाल, बनवारी काछवाल, सन्दीप जोशी, राजेश चौहान, शुभम और गोपी नवहाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और श्रद्धालु अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

'रक्षक प्लस' योजना से पूर्व सैनिक परिवार को 50 लाख की सहायता

पाटन (निसं)। पंजाब नेशनल बैंक की सामाजिक प्रतिबद्धता और पूर्व सैनिकों के प्रति समर्पण का एक प्रेरणादायक उदाहरण उस समय देखने को मिला जब बैंक की नीम का थाना शाखा द्वारा पेंशन रक्षक प्लस योजना के अंतर्गत स्वर्गीय हवलदार रामनिवास जाट की धर्मपत्नी एवं नामिनी श्रीमती किताब देवी को 50 लाख (पचास लाख रुपये) का बीमा चेक प्रदान किया गया। स्वर्गीय हवलदार रामनिवास जाट के आकस्मिक निधन के उपरांत सैनिक कल्याण बोर्ड के प्रांगण में एक भावपूर्ण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मंडल प्रमुख सुधांशु भूषण झा, कर्नल कालूराम, कर्नल अजय शर्मा, कर्नल कुलदीप सिंह, कैप्टन बजरंग मील तथा शाखा प्रबंधक सत्यम यादव की गरिमामयी उपस्थिति में श्रीमती किताब देवी को बीमा राशि का चेक सौंपा गया।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि रक्षक प्लस योजना एक विशेष बचत खाता योजना है, जिसके अंतर्गत खाताधारक को बीमा कवर के लिए कोई अतिरिक्त प्रीमियम नहीं देना पड़ता। योजना का उद्देश्य पेंशनर्स और पूर्व सैनिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में उनके परिवार को तत्काल वित्तीय संबल मिल सके।बैंक अधिकारियों ने पुनः दोहराया कि बैंक अपने सभी पेंशनर्स एवं खाताधारकों के साथ हर परिस्थिति में मजबूती से खड़ा है और भविष्य में भी ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाता रहेगा।

खाटूश्याम के लिए पहली पदयात्रा रवाना

कोलसिया, (निसं)। कोलसिया से खाटू श्याम के लिए पहली पदयात्रा सोमवार को शुरू हुई। यह पदयात्रा बालाजी मंदिर, कुमावतों का मोहल्ला से सुबह छह बजे मुख्य चौक से होते हुए खाटू धाम के लिए रवाना हुई। पदयात्रा में महिलाएं और पुरुष श्याम बाबा के निशान लेकर भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा और मालाएं पहनाकर यात्रा का स्वागत किया गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर / टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय :** 20.03.2026 को 15.00 बजे तक **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय :** 20.03.2026 को 15.00 बजे के बाद **Tender Notice No. :** 39-TRD-BKN-ETender-2025-26- **Name of work :** TRD modification work in c/w strengthening of substructure and replacement of existing steel girders of 12.2m span of 06 nos. Bridges in various sections of Bikaner Division by post tensioned PSC slabs as per 25T loading standard in the jurisdiction of Dy.CE/Bridge Line/Jaipur. **Approx Cost of the work :** 1,10,37,716.50 **EMD/SD (Rupees) :** 2,05,200.00 **270-CR/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय सहायक (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 6/2026

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री कैलाश चन्द्र शर्मा पुत्र श्री अर्जुन लाल निवासी वार्ड नं. 01 सुरपुरा सराय उदयपुरवाटी जिला झुंझुनूं ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23. के अन्तर्गत प्रन्यास मन्दिर श्री मुरली मनोहर जी सुरपुरा तहसील उदयपुरवाटी जिला झुंझुनूं में न्यास के न्यासी श्री प्रेम सिंह, श्री राजेन्द्र गुप्ता, एवं श्री मदरूप सिंह शेखावत का स्वर्गवास हो जाने व श्री छाजुराम द्वारा त्याग पत्र देने के कारणन्यासकी बैठक दिनांक 04.12.2022 से नवीन न्यासियों को दर्ज अभिलेख हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 मे आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 6/2/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइन्दा तारीख पेशी 24/3/26

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

सजग लाडो अभियान अंतर्गत नारी चौपाल का आयोजन हुआ

- राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई

सीकर (निसं)। ब्लॉक फतेहपुर की विभिन्न ग्रामपंचायतों में "सजग लाडों अभियान" अंतर्गत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा नारी चौपाल का आयोजन सोमवार को किया गया।

महिला अधिकारिता विभाग के ब्लॉक पर्यवेक्षक तारा चन्द जान्दु ने बताया की ब्लॉक फतेहपुर के प्रत्येक ग्रामपंचायत में विभाग की साथिनों द्वारा स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके लिए चलाई जा रही योजनाओ मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना, कालीबाई भील उडान योजना, कालीबाई भील महिला संबल शिक्षा सेतु योजना, सखी वन स्टाप सेंटर, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र, महिला संरक्षण से संबंधी कानूनों, बाल विवाह रोकथाम, घूंघट प्रथा रोकथाम आदि पर जानकारी देने के लिए नारी चैपाल का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत ठिमोली, दीनवा लाडखानी, बैसवा, बलोद भाकरा, नबीपुरा, तिहावली एवं अठवास में महिला अधिकारिता विभाग की साथिनों सुमन शर्मा, सरोज देवी, सुशीला, चूंकी कुमारी, संतोष देवी, संतरा देवी एवं ममता देवी द्वारा महिलाओ एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए नारी चौपाल का आयोजन कर महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया, साथ ही नारी चौपाल के आयोजन के दौरान ही बालिका जन्मोत्सव के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्रामपंचायत में बालिकाओं का जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जन्मोत्सव में बालिकाओं से केक कटवाकर बालिकाओं एवं उनकी माताओं को उपहार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। नारी चौपाल आयोजन का मुख्य लक्ष्य समाज की प्रत्येक महिला व बालिका तक उनके लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी पहुंचाई जा सके तथा उनकों उससे लाभान्वित करवाया जा सकें, जिससे महिला सशक्तिकरण का लक्ष्य प्राप्त कर सशक्त समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सकें।

नवनिर्मित सेठ गौरी शंकर बिहानी गर्ल्स कॉलेज में विद्यार्थियों को डिग्री सौंपी

नोहर, (निसं)। स्थानीय बिहाणी चौक पर स्थित दानवीर भामाशाह स्वः सेठ गोरीशंकर बिहाणी की आदमकद प्रतिमा पर उनके पुत्र भामाशाह ओमनारायण बिहाणी व पुत्रवधु श्रीमती प्रेमा देवी बिहाणी ने सोमवार को माल्यार्पण व श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सुमित चाचाण, संयुक्त व्यापार संघ न अध्यक्ष संजय मोदी,पूर्व पालिकाध्यक्ष मोनिका खटोतिया, ब्लॉक कांग्रेस नोहर के अध्यक्ष बनवारी लाल सुथार, हनुमान व्यास, प्रदीप पुरोहित, सत्यनारायण जोशी,पूर्व पार्षद लाजवंती सिन्धी, प्रताप सिंवर आदि गणमान्य नागरिक व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे। इससे पूर्व सेठ गौरीशंकर बिहानी राजकीय कन्या महाविद्यालय मे सोमवार को भामाशाह ओमनारायण बिहानी एवं प्रेमा देवी बिहानी ने इस महाविद्यालय से स्नातक करने वाली छात्राओं को डिग्री प्रदान की। इससे पुर्व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सरोज न्योल व महाविद्यालय स्टॉफ ने भव्य स्वागत किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने तिलक लगाकर भामाशाह सेठ ओमनारायण बिहानी का सपत्नीक वंदन व अभिनंदन किया। भामाशाह बिहानी परिवार ने एक पेड माँ के नाम से पौधारोपण किया। महाविद्यालय परिसर में सेठ स्वः गौरीशंकर बिहानी व माँ स्वःनर्मदा देवी बिहानी की प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन व माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.सरोज न्योल व महाविद्यालय परिवार ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस पर विधायक प्रतिनिधि सुमित चाचाण, संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष संजय मोदी,कृषि उपज मंडी नोहर के निवर्तमान चेयरमैन बलवीर सुथार, पूर्व पालिकाध्यक्ष मोनिका खटोतिया, ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन नोहर के अध्यक्ष ओमप्रकाश सुथार, ब्लॉक कांग्रेस नोहर के अध्यक्ष बनवारीलाल सुथार आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

'राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर कोई भी परिवेदना 30 दिन से अधिक लंबित न रहें'

- आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की
- योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिला रसद विभाग को 'गिवअप' अभियान में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए

सीकर, (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में फ्लैगशिप योजनाओं तथा राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की गई।

जिला कलेक्टर शर्मा ने निर्देश दिए कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं का संतुष्टि स्तर बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि सीएमओ प्रकरणों में संबंधित विभाग तथ्यात्मक एवं संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय, राज्य मानवाधिकार आयोग सहित विद्युत, ऊर्जा एवं चिकित्सा विभाग से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। एडीएम शहर भावना शर्मा ने कहा कि रिप्लाई में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा पीएचईडी सहित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए।

जिला कलेक्टर शर्मा के निर्देशानुसार समस्त जिला स्तरीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर कोई भी परिवेदना 30 दिन से अधिक लंबित न रहे।

जिला कलेक्टर शर्मा ने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिला रसद विभाग को 'गिवअप' अभियान में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। कुसुम योजना, लाडो योजना में सीएचसी एवं पीएचसी में ल